भक्त शिरोमणि श्रीयादे माता जयंती महोत्सव का दो दिवसीय समारोह 30 से

महोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुड़िया ने पत्रकार वार्ता में कार्यक्रमों की जानकारी दी।

जोधपुर, (प्रजापति) समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव समिति जोधपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय भव्य समारोह का शुभारम्भ गुरुवार 30 जनवरी को विराट भजन संध्या से होगा।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुड़िया ने आज पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव के दो दिवसीय समारोह की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दो दिवसीय विशाल समारोह के सफल आयोजन को लेकर जोधपुर को 40 से अधिक प्रखण्डों में विभाजित किया गया है। सभी क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की गई है। इस समारोह में प्रथम दिन माघ सुदी एकम् गुरुवार 30 जनवरी को सायं 5.00 बजे श्रीयादे माता मन्दिर, रातानाडा पर विराट भजन संध्या का आयोजन आय। इस भजन संध्या में विश्व प्रसिद्ध लोक गायक कालूराम प्रजापति कमल व पन्नालाल टटवाडिया, चेतन भासा ऐणिया के नेतृत्व में समाज के जाने माने भजन गायक भजनों से भक्ति रस की सरिता बहाऐंगे तथा भजन संध्या का आनन्द लेने के लिए शहर के कौने-कौने से सैकड़ों की संख्या में समाजबन्धु व भक्तगण शामिल होंगे।

दूसरे दिन माघ सुदी बीज शुक्रवार 31 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे श्री श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा से अतिथिगण व समाज के प्रबुद्धजन शोभायात्रा को केसरिया झण्डी दिखाकर विधिवत रवाना करेंगे।

महासचिव महेन्द्र कुमार घोडेला ने बताया कि शोभायात्रा रातानाडा से प्रारम्भ होकर नई सड़क, घण्टाघर, कन्दोई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोलबिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड़ होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विर्सजित होगी। सचिव भंवरलाल ओडिया ने कहा कि इस भव्य शोभायात्रा में 51 सामाजिक, धार्मिक, देशभक्ति से ओत प्रोत जिसमें फाइटर विमान, भारतीय कमांडो तोप सहित एवं शैक्षिणक, धार्मिक व आकर्षक झांकियों होगी। इसके साथ ही भजन मण्डलियां, पंजाब का अनोखा भांगड़ा डांस, जोधपुर की प्रसिद्ध बैण्डों द्वारा मधुर स्वर लहरिया सोजतसिटी की सुप्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य आकर्षण का केन्द्र होंगी।

शोभायात्रा संयोजक राजेश मंगल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी अमराराम/मदनलाल घोडावड (कुमावत) तथा अतिथि सूर्यप्रकाश घोडेला, आशीष छापरवाल, रामकिशोर नेहरा, अरुण कुमार ब्रान्धणा तथा समाज के पार्षदों रामस्वरुप गुड़िया, अनिल गुंगावण, सुगनदेवी बागरेचा, मूमल बनावड़िया, पुखराज बनावड़िया, मंजू देवी चान्दोरा तथा गजेन्द्रसिंह शेखावत केन्द्रीय मंत्री, अतुल भंसाली शहर विधायक, देवेन्द्र जोशी सूरसागर विधायक, प्रहलादराय टाक चेयरमेन श्रीयादे माटी कला बोर्ड, कुन्ती देवडा महापौर नगर निगम उत्तर एवं वनीता सेठ महापौर नगर निगम दक्षिण, महेन्द्र कुमावत प्रदेशमन्त्री भाजपा, शान्तिलाल लिम्बा पूर्व अध्यक्ष माटी कला बोर्ड राजस्थान, शशिप्रकाश प्रजापत प्रदेशमन्त्री ओबीसी मोर्चा भाजपा, अमित सिंघाटिया भाजपा शास्त्री नगर मण्डल अध्यक्ष सहित कई राजनेता उपस्थित रहेंगे।

महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक दशरथकुमार कवाडिया व कालूराम कारवाल ने बताया कि इस बार सभी प्रखण्ड प्रमुखों को साफा पहनाकर कार्यभार सौंपा जायेगा। कोषाध्यक्ष श्रवणकुमार जलवाणिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीयादे शक्तिपीठ की बहुआयामी प्रस्तावित योजना को अतिशीघ्र अंजाम दिया जायेगा। जिससे समाज के लोग लाभान्वित हो सकेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नाराम मोरवाल व श्रीराम लिम्बा ने बताया कि समिति ने इस बार महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिए महिला प्रकोष्ठ का गठन कर महिला प्रकोष्ठ की उषा सोतवाल, मेना देवी भोभरिया एवं श्रीमती संगीता सोतवाल को सर्वसम्मति से प्रभारी मनोनित किया गया है।

संरक्षक केशव कवाडिया व रामकिशार सोतवाल व हुकमाराम सिंघाटिया ने बताया कि इस विशालतम शोभायात्रा में झांकियों के साथ ही ऊंट, घोड़े, रथ के अलावा व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा हैरतअंगेज व्यायाम प्रदर्शन किये जायेंगे।

साथ ही इस भव्य शोभायात्रा में नौपत शहनाई व विभिन्न बैण्डों द्वारा मधुर ध्वनि से स्वर लहरियां बिखेरेंगें। इस शोभायात्रा को लेकर कुम्हार समाज के स्त्री पुरुष व बच्चों में जबरदस्त उत्साह है। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में कुम्हार समाज बन्धु भाग लेंगे।

दो दिवसीय विशाल समारोह की तैयारियां पूरी कर ली है। इस सफलतम आयोजन के संरक्षक मण्डल के दशरथ कवाडिया, भंवरलाल पोटर, रामकिशोर सोतवाल, कालुराम कारवाल, किशोर सिनावड़िया, हुकमाराम सिंघाटिया, सुधीर डुगट, केशव कवाडिया, विनोद ऐणिया, लूणाराम घोड़ेला, अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गुड़िया महासचिव महेन्द्र कुमार घोडेला सचिव भंवरलाल ओडिया कोषाध्यक्ष श्रवणकुमार जलवाणियां व संयोजक राजेश मंगल वरिष्ठ उपाध्यक्ष महादेव घोड़ेला, श्रीराम लिम्बा, उपाध्यक्ष गणपत सिनावड़िया, नारायणलाल भोभरिया, भंवरलाल सियोटा, सन्तोष भोभरिया, रमेश माल, भोलाराम भडकोलिया, जितेन्द्र मावर, लक्ष्मण मानधनिया, डॉ. कमलकान्त, पूनाराम नागौरा, हंसराज लिम्बा, जोधाराम भोभरिया, नवरतन जलवाणियां, हंसराज बनावड़िया, सुरेश नागौरी, माणकलाल कवाड़िया, दाऊलाल जलवाणियां, मिश्रीलाल कारवाल, लूणचन्द सिनावड़िया, कैलाश मण्डावरा, जयकिशन जलवाणियां, पंकज घोड़ेला, राकेश बागरेचा, चन्द्रशेखर सिनावडिया, तरुण सोतवाल, अशोक झालामण्ड, कृष्णगोपाल जाजपरा, कुलवन्त खन्ना, राजेश घोडेला, भरतकुमार तेनगरिया, सुरेन्द्र ऐणियां, रामस्वरुप सिरस्वा, ईशाराम भोभरिया, रामपाल सारडीवाल, रामनिवास भोभरिया, दुर्गाराम मानधनिया, राजाराम गेदर, तरुण कारवाल, जुगलकिशोर मण्डावरा, पाचाराम नेहरा, राजेन्द्र ओसतवाल, भगवानराम लाडणवा, रामरतन निम्बीवाल, रामशिवर सारडीवाल, मगराज जलांधरा, नवीन मालवीय, रामाकिशन बागरी, केराराम बागरी, दौलतराम बागरी, बालकिशन (बी.के.) घोडेला, हेमन्त कारवाल, लक्ष्मण अजमेरिया, जगदीश भोभरिया, रामस्वरुप निम्बीवाल आदि के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता दिन रात एक करते हुए शोभायात्रा को अन्तिम रुप दे रहे है।

विक्रम भाटी ने कारागृह पाली का निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा मंगलवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 77 बन्दी जिला कारागृह में निरूद्ध मिले।

इस दौरान सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इसके लिए प्राधिकरण सचिव द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जोराराम कारापाल जिला कारागृह को बंदियों की समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही करने तथा कारागृह में साफ-सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कारागृह में संचालित विधिक सेवा केन्द्र की विजिट कर विधिक सेवा केन्द्र के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। जेल डिस्पेंसरी पर नियुक्त चिकित्सक द्वारा बताया गया कि सभी बन्दीगण की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा इमरजेन्सी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह, डॉ इमरान खिलेरी चिकित्सक डिस्पेन्सरी जिला कारागृह, सुश्री वैशाली व्यास जेल विजिटिंग लॉयर, अल्ताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर सहित अधिकार मित्र (पीएलवी) आदि उपस्थित रहे।

परमाणु नगरी में शौर्य संग्रहालय दुर्दशा का शिकार

पोकरण,(कासं)। पर्यटन विभाग की ओर से पोकरण में एकदिवसीय मरू महोत्सव कार्यक्रम 9 फरवरी को लगाकर देसी विदेशी पर्यटकों लुभाने के लिए के कार्यक्रम निश्चित किया गया है। लेकिन परमाणु नगरी में शौर्य संग्रहालय, परमाणु परीक्षण मॉडल अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहे है।

शहर में परमाणु परीक्षण मॉडल तत्कालीन जिला कलेक्टर केके पाठक के निर्देशन पर परमाणु नगरी पोकरण में देसी विदेशी पर्यटकों के ठहराव जिले के प्रवेश द्वार पर करवाने के लिए बनाशक्ति स्थल शौर्य संग्रहालय, सत्यमेय चौक के सामनेजैसलमेर रोड, पोकरण, मैं देश के तीनों सेनाओं,व खादी ग्रामोद्यान, पालिका प्रशासन एवं बीएसएफके सहयोग से शक्ति स्थल शौर्य संग्रहालय में पाकिस्तान से जीता हुआ टैंक, परमाणु परीक्षण मॉडल, आदिकाल,से लेकर आधुनिक हथियार के शस्त्रगार, सहित कई तरह के हथियार ताले में बंद व खुले आसमान में पर्यटन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते बबुल की झाडियां में टुटेफुटे मांडल एवं शौर्य संग्रहालय धूल फाक रहे।

कार्यालय जिला कलक्टर, जालोर

क्रमांक: निविदा/लेखा/2024-25/91 दिनांक: 28/01/2025

खुली बोली आंमत्रण सूचना 1019/2024-25

कार्यालय जिला कलक्टर , जालोर में लैपटॉप क्रय हेतु पंजीकृत / अधिकृत विक्रेताओ / निर्माताओ से सीलबंद लिफाफो में बोलियां (Bid) निर्धारित शर्तो के बोली दिनांक 28.01.2025 से दिनांक 05.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक खोली जावेगी जिसकी अनुमानित लागत 825000/-रुपये है । विस्तृत बोली आंमत्रण सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

UBN No. : ZJR2425GSOB00006

अतिरिक्त जिला कलक्टर
जालोर

कार्यालय ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक: ग्रापं/2024-25/21 दिनांक: 28/01/2025

ई-निविदा सूचना 04/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत मेड़ाउपराला के द्वारा जारी ई-निविदा सूचना अनुसार राजस्व गांव मेड़ाउपरला में वित्तिय वर्ष 2024-25 मे शेष अवधि के लिए आवासीय घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फर्म/शर्ते ऑनलाईन / कार्यालयत में उपलब्ध है निविदादाता आवश्यक प्रपत्र एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है । साथ ही ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला के नोटिस बोर्ड / कार्यालय में कार्य दिवस मे देखी जा सकती है ।

NIB No : ZJR2425A0580
UBN No. : ZJR2425SSOB01129

सरपंच
ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला
पं. स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला
पं. स. जालोर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक: ग्रापं/2024-25/12-17 दिनांक: 28/01/2025

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

NIB No : ZJR2425A0579
UBN No. : ZJR2425WSOB01125 to ZJR2425WSOB01128

सरपंच
ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला
पं. स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मेड़ाउपरला
पं. स. जालोर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत बागरा पंचायत समिति,जालोर

क्रमांक : ग्राप/मनरेगा /2024-25 / 16 दिनांक: 28/01/2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 03/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बागरा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है

NIB - ZJR2425A0581 UBN - ZJR2425GLOB01130

सरपंच
ग्राम पंचायत, बागरा
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, बागरा
पंचायत समिति जालोर

जसराज राजपुरोहित जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष बने

जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का स्वागत किया।
फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं) जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष के पद को लेकर दो दिन से चल रही उठाक पटाक के बीच मंगलवार को जालोर शहर के ग्रेनाईट एसोसिएशन भवन में आयोजित आम बैठक में चुनाव प्रभारी व संगठन मंत्री विष्णु चैतानी व राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष व नागौर के पूर्व सांसद सीआर चौधरी ने जालोर जिलाध्यक्ष पद पर जसराज राजपुरोहित को निर्वाचित किया।

जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए ग्यारह दावेदारों ने आवेदन किया। चुनाव प्रभारी विष्णु चैतानी ने भाजपा जिलाध्यक्ष के दावेदारो का एक एक कर फीड बैंक लिया।संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की आम राय के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर भीनमाल निवासी जसराज राजपुरोहित को निर्वाचित किया गया।। इससे पूर्व ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर के सभा भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सांसद सीआर चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी सिद्धान्तों पर चलने वाली पार्टी है। इस पार्टी में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी समान है। भाजपा ने हमेशा एक कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे लाने का प्रयास किया है । कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा ही संगठन ही सर्वोपरि रहा है, इसलिए जिलाध्यक्ष कोई भी बने हम सब को संगठन को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करना चाहिए।

चुनाव प्रभारी विष्णु चैतानी ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए ग्यारह दावेदारों ने आवेदन किया, ग्यारह ही भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता है। इसलिए पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी एकजुट होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। जिलाध्यक्ष कोई भी बने लेकिन कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन को मजबूत बनाने में जी जान लगानी है।

बैठक को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, रविन्द्रसिंह बालावत, अमीचंद जैन, पूर्व राज्य मंत्री धनाराम पुरोहित, भूपेन्द्र देवासी, सांवलाराम देवासी सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही मंच से जिलाध्यक्ष की घोषणा चुनाव प्रभारी ने जसराज राजपुरोहित के रुप में की। इसके बाद जसराज राजपुरोहित का कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष का स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद अंदुरुनी रुप से कुछ कार्यकर्ताओं के चेहरों पर हल्के रुप में विरोध नजर आया। भीनमाल निवासी जसराज राजपुरोहित वर्तमान में भाजपा के जिला महामंत्री के पद है। वही संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी है , उस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करुंगा। उन्होने संगठन को मजबूत बनाने के साथ केन्द्र व राज्य सरकार की योजना आमजन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास की बात कही।

इस दौरान प्रकाश छाजेड, धुखाराम राजपुरोहित, भूरसिंह देवकी, बाबूलाल मेघवाल, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, पूर्व ग्रामीण मंडल मंत्री केसरसिंह राजपुरोहित नून सहित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित को बधाईयां दी।

भीनमाल में 39 जनों का सम्मान

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय शिवराज स्टेडियम में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर ध्वजारोहण अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी ने कर परेड की सलामी ली। समारोह में विभिन्न विद्यालय द्वारा मार्च पास्ट, व्यायाम प्रदर्शन, घोष प्रदर्शन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। परेड में प्रथम स्थान एनसीसी राजकीय महाविद्यालय एवं दूसरा स्थान एनसीसी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनमाल की टीम रही। वही चिकित्सा विभाग, वन विभाग, पंचायत विभाग द्वारा झांकी की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान उल्लेखनीय कार्य करने पर 39 लोगों को भी सम्मानित किया गया।

विधायक डॉ समरजीत सिंह, पुलिस उप अधीक्षक अन्नराज सिंह राजपुरोहित, पुलिस निरीक्षक रामेश्वर भाटी, जोधपुर डिस्कॉम के भरत देवडा, पालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी, डॉ रमेश देवासी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व लोग उपस्थित थे। मंच संचालन एंकर मीठालाल जांगिड ने किया। शाम को वॉलीबॉल में माघ रेड विजेता व उप विजेता माघ ब्ल्यू रही।

बालोतरा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बालोतरा, (कासं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, सुनिश्चित करें। यह बात जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने मंगलवार को आयोजित विभागीय कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी जिले में आयुष्मान कार्ड वितरण के कार्य में तेजी लाये। आशा एवं एएनएम के सहयोग से ई केवाईसी के कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना के लिए जिले के पशुपालन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जिले में योजना का अधिकतम प्रचार कर बीमा प्रतिशत बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और 31 जनवरी तक अधिकतम प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर ई फाइल के निस्तारण एवं संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें तथा अधीनस्थ अधिकारियों को भी त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण के लिए निर्देशित करावें। यादव ने बालोतरा जिलें में आगामी 20 से 30 वर्षो में होने वाले विकास कार्यो के मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। सडक, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, औद्योगिक विकास, रोजगार, प्रशिक्षण जैसे आधारभूत कार्यो के विकास पर विशेष चर्चा हुई। यादव ने जिले के विकास का मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती मण्डल जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष शांतिलाल बालड ने जिले के विकास को लेकर सुझाव साझा किये।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार, पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश जोशी, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र सिंह, नगर परिषद सहायक अभियंता अखाराम पंवार आदि मौजूद रहे।

पाली में बैठक के बाद भंडारी के नाम की घोषणा की

करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद सहमति बनने पर सुनील भंडारी को पाली भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया।
फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी स्थित किसान केसरी गार्डन में मंगलवार दोपहर को भाजपा की बैठक आयोजित हुई। करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद सहमति बनने पर सुनील भंडारी को पाली भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया। जैसे ही उनके नाम की घोषणा हुई। उनके समर्थकों ने फूलमालाओं ने उन्हें लाद दिया। भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

गौरतलब है कि भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा करने के लिए सोमवार शाम को पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न कुमार मेहती पाली आ गए थे। वे मंगलवार को आयोजित बैठक में भी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष की रेस में 7 दावेदारों के नाम सामने आ रहे थे। जिनमें मंशाराम परमार, सुनील भंडारी, महेंद्र कुमावत, त्रिलोक चौधरी, नारायण कुमावत, मोहन जाट व मोहनसिंह राजपुरोहित के नाम थे। पाली की राजनीति में जैन समुदाय बड़ा महत्व रखता है। इसलिए सूत्रों की माने तो शुरू से ही सुनील भंडारी पहली पसंद थे और आखिर उनके नाम पर ही आज मंगलवार के मोहर लगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद के नजदीक सुनील भंडारी वर्तमान में भाजपा के महामंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वे विधानसभा चुनाव में भी पाली विधानसभा सीट से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे।

महामंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने अच्छा काम किया। वे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और सांसद पीपी चौधरी के भी करीबी माने जाते है। इसके साथ ही संघ से भी उनका पुराना जुड़ाव है। साफ और सरल छवि के सुनील भंडारी को शुरू से ही इनका समर्थन मिला। जिलाध्यक्ष की रेस में उनका नाम शुरू से ही सबसे आगे था और आज मंगलवार को हुई बैठक में उनके नाम पर मोहर लग गई।

भाजपा के नए जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी ने कहा कि पाली जिले में भाजपा मजबूत स्थिति में है। इसे और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी टीम को साथ लेकर काम करेंगे।

व्यास को अध्यक्ष व तातेड़ को सचिव बनाया

पाली, (नि.सं.)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष शिव कुमार व्यास द्वारा हाल ही में बीकानेर में आयोजित प्रांत बैठक में निखिल व्यास को पाली जिला अध्यक्ष और प्रवीण तातेड़ को पाली जिला सचिव के रूप में निर्वाचित किया गया। पाली जिला इकाई द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस बैठक में कई प्रमुख सदस्य, जैसे पंकज दुबे, पीयूष शर्मा, अनिल गादिया, रविंद्र वर्मा, रूपेश बिस्सा, दीपक जैन, सुरेश पंवार, वरुण सिंघल, और धीरज मूंदड़ा उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन की नीतियों को मजबूती से लागू करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र खत्री ने अपने अनुभव साझा किए और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें संगठन की जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

सीरवी समाज निकालेगा शोभायात्रा

पाली, (नि.सं.)। श्री आईमाताजी की शोभायात्रा माही बीज के अवसर पर 31 जनवरी को तैयारियां जोरों से जारी है।

इस वर्ष सीरवी महिला विकास संस्था की ओर से महिला गेर आकर्षक होगी। संस्था के अध्यक्ष मधु सिन्दड़ा सचिव मंजू परिहार कोषाध्यक्ष अंकिता गेहलोत के नेतृत्व में महिलाओं को गेर का परिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के कार्यकारिणी सदस्य मीरा काग, मंजू सोलंकी, प्रेम वरफा अन्य सदस्यों ने महिलाओं को गेर का परिक्षण में सहरानीय योगदान करें है। मातृशक्ति में बड़ा उत्साहित हैं शोभायात्रा को विशाल बनाने में घर घर सम्पर्क किया गया है। महिला गेर में रंग-बिरंगी छाता व एक हाथ में पंखी से गेर का नृत्य होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी. एल. – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–आर.जे.–अ.–23012025-260394
CG-RJ-E-23012025-260394
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 356] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 21, 2025/माघ 1, 1946
No. 356] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 21, 2025/MAGHA 1, 1946

रेल मंत्रालय
(उत्तर पश्चिम रेलवे)
अधिसूचना
जयपुर, 21 जनवरी, 2025

का.आ. 359 (अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल (संशोधन) अधिनियम, 2008 (2008 का 11) की धारा 2 के खंड (7क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (3) में उल्लिखित उप खंड, स्तम्भ (4) में उल्लिखित जिले के सम्बन्ध में राजस्थान राज्य में **''उत्तर पश्चिम रेलवे के ''लूणी–समदडी–भीलडी के बीच दोहरीकरण'' परियोजना (271.97 किमी.) की विशेष रेल परियोजना''** के सन्दर्भ में ऐसी विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और परिचालन के लोक परियोजन के लिए स्तम्भ (2) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे प्राधिकारी के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए 'सक्षम प्राधिकारी' के रूप में प्राधिकृत करती है।

सारणी

क्र. सं.	सक्षम प्राधिकारी	उप खंड	जिला
(1)	(2)	(3)	(4)
1	उप खंड अधिकारी, जसवंतपुरा	जसवंतपुरा	जालौर
2	उप खंड अधिकारी, भीनमाल	भीनमाल	जालौर

[फा.सं. उ.प.रे./मुख्यालय/सं&नि./443599200–भाग–12]
वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक/अधिकारी निर्माण

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 126-AN/25